उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 05.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 05.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 05.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी है।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

















## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 05.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, चौकी प्रभारी भटीपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0सं0 586/24 धारा 319(2)/318(4)/317(2) BNS से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त दीपक कुशवाहा पुत्र मैकू कुशवाहा नि0 इन्द्रानगर कस्बा व थाना कबरई जिला महोबा उम्र 30 वर्ष को थानाक्षेत्र के कल्याण सागर के पास से गिरफ्तार किया है जिसकी जामा तलाशी से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित धोखा धडी से अर्जित सम्पत्ति कुल 1550/-रू बरामद की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

दीपक कुशवाहा पुत्र मैकू कुशवाहा नि0 इन्द्रानगर कस्बा व थाना कबरई जिला महोबा उम्र 30 वर्ष, जामा तलाशी से 1550/- रुपये बरामद

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह चौकी इन्चार्ज भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. हे0का0 अमित नागर 3. हे0का0 जगवीर



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 05.06.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## "ब्रेथ एनालाइजर" से वाहन चालकों की जांच, पांच नशे की हालत में मिले, की गयी कार्यवाही-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभारी रोक लगाये जाने के उद्देश्य से जनपदीय पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा दो-पहिया, चार-पहिया के चालक-परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई है।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात पुलिस महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच में सभी चालक-परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए उनको ओवर स्पीड में न चलने, अपने लेन में ही वाहन चलाने और सवारियों से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए गए है। यह भी कहा गया कि यदि कोई चालक-परिचालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए मिला तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी।

यातायात पुलिस टीम की इस कार्यवाही के दौरान पांच वाहन चालक ऐसे मिले, जो नशे की हालात में वाहन चला रहे थे। जिनके विरुद्ध नियमानुसार चालान कार्यवाही की गयी है साथ ही सभी को हिदायत दी गयी है कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होगी तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्तीकरण की प्रक्रिया अमल में लायी जायेगी।



